यातायात — बुधवार दोपहर 12 से 1:30 तक बंद रहा फाटक, परीक्षा देने जा रहे छात्र और मरीज भी जाम में फंसे

# सालीचौका रेलवे फाटक पर डेढ़ घंटे थमा यातायात

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ सालीचौका।** बुधवार को दोपहर के समय सालीचौका रेलवे फाटक पर एक बार फिर लंबा जाम लग गया। दोपहर 12:00 बजे से 1:30 बजे तक फाटक बंद रहने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। करीब डेढ़ घंटे तक आमजन, छात्र-छात्राएं, व्यापारी और मरीज जाम में फंसे रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस दौरान दर्जनों दोपहिया और चारपहिया वाहन, स्कूल वैन, मालवाहक ट्रक और निजी कारें रुकी रहीं। कई लोग जरूरी कार्यों से नरसिंहपुर और आसपास के क्षेत्रों की ओर जा रहे थे, लेकिन फाटक बंद होने से उन्हें बीच रास्ते इंतजार करना पड़ा। परीक्षा देने जा रहे बच्चों की बढ़ी चिंता सबसे ज्यादा परेशानी उन छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ी, जो परीक्षा देने के लिए अपने परीक्षा केंद्रों की ओर जा रहे थे। अभिभावकों ने बताया कि समय पर पहुंचने को लेकर बच्चों में घबराहट थी। कुछ अभिभावकों ने आरोप लगाया कि यदि किसी छात्र का पेपर छूट जाता तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता? जाम के कारण कई छात्रों को वैकल्पिक मार्ग खोजने पड़े।



## ओवरब्रिज स्वीकृत पर काम शुरू नहीं

मरीजों को भी उठानी पड़ी परेशानी जाम के दौरान एक एम्बुलेंस सहित कई निजी वाहन भी फंसे रहे। स्थानीय नागरिकों के अनुसार कुछ मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देरी हुई। गर्मी और धूप के बीच छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सड़क किनारे खड़े रहने को मजबूर रहे। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति वर्षों पहले मिल चुकी है। कई बार बजट स्वीकृति और प्रस्तावों की चर्चा भी हुई, लेकिन अब तक धरातल पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि हर चुनाव में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाता है, लेकिन बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## व्यापार और दैनिक जीवन प्रभावित

फाटक के लंबे समय तक बंद रहने से स्थानीय व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ता है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहकों की आवाजाही बाधित होती है, जिससे बिक्री प्रभावित होती है। ग्रामीणों के लिए यह मार्ग प्रमुख आवागमन का रास्ता है, ऐसे में बार-बार जाम लगना दैनिक जीवन को अस्त-व्यस्त कर देता है।

## स्थायी समाधान की मांग

क्षेत्रवासियों ने रेलवे और प्रशासन से मांग की है कि या तो फाटक बंद रहने की अवधि को व्यवस्थित किया जाए अथवा शीघ्र ओवरब्रिज निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे। सालीचौका की जनता अब यह जानना चाहती है कि आखिर कब तक उन्हें जाम और असुविधा का सामना करना पड़ेगा, और कब मिलेगा इस समस्या से स्थायी

# फसल मुआवजे में असमानता से किसानों में रोष

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में चिनकी विराज परियोजना के माध्यम से खेतों में पाइप लाइन डाली जा रही है।जिसे लेकर पाइप लाइन डाले जाने को लेकर किसानों की खड़ी फसलों को अलग किया जा रहा है।जितनी फसलें अलग की जा रही है। उनके अनुपात से फसलों का मुआवजा भी शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। लेकिन उस हिसाब से मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। जिसकी लिखित शिकायतें किसानों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में की गई है। किसानों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि किसी किसानों को कम तो किसी को ज्यादा मुआबजा दिया जा रहा है। जिससे किसानों को ज्यादा नुकसान हो रहा है।अनुपातिक दृष्टि से किसानों की फसलों से ज्यादा लाभ हो जाता लेकिन मुआवजे में एक चौथाई से भी कम राशि भी नहीं मिल रही है। किसानों ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से शीघ्र हस्तक्षेप कर मुआवजा में समानता बरते जाने की मांग की गई है।



# बैंक प्रबंधन की लापरवाही, जाम के हवाले मुख्य मार्ग

**नवभारत/ गाडरवारा।** नगर की यातायात व्यवस्था आज जिस अव्यवस्थित हालात में पहुंच चुकी है, उसके लिए केवल अतिक्रमण ही जिम्मेदार नहीं है। मुख्य मार्गों पर संचालित बैंक प्रबंधन की लापरवाही भी अब खुलकर सामने आने लगी है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? पलोटन गंज से शासकीय चिकित्सालय मार्ग, जिसे शहर की जीवनरेखा माना जाता है, आज दिनभर जाम की चपेट में रहता है। कारण स्पष्ट है — बैंकों द्वारा ग्राहकों के लिए समुचित पार्किंग व्यवस्था नहीं की गई। परिणामस्वरूप वाहन मुख्य सड़क पर खड़े रहते हैं और राहगीरों का निकलना दूभर हो जाता हैं

## आपात स्थिति में क्या होगा?

कुछ दिन पूर्व आरोपियों को पेशी पर लाया गया पुलिस वाहन इसी मार्ग पर जाम में फंस गया। बड़ी मशक्कत के बाद रास्ता साफ हो पाया। सोचिए, यदि उस समय कोई एम्बुलेंस होती या किसी मरीज की जान पर बन आती — तब जिम्मेदार कौन होता?

## महिलाओं की सुरक्षा पर भी प्रश्न

जाम की स्थिति में सड़क किनारे खड़े वाहनों के बीच असामाजिक तत्वों की सक्रियता बढ़ जाती है। छात्राओं और महिलाओं के साथ छींटाकशी की घटनाएं चर्चा का विषय बनी हुई हैं। क्या यह स्थिति किसी गंभीर घटना को न्योता नहीं दे रही?

## वादे हुए खोखले

जब ये बैंक यहां स्थापित हुए थे, तब पार्किंग व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया था। लेकिन आज पार्किंग के नाम पर निर्धारित स्थानों का उपयोग अन्य कार्यों में किया जा रहा है। सड़क ही पार्किंग स्थल बन चुकी है।

## जवाब कौन देगा?

यह मार्ग रेलवे स्टेशन, शासकीय चिकित्सालय, पुलिस थाना, न्यायालय और तहसील कार्यालय को जोड़ता है। दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन क्यों हैं नगरवासियों का स्पष्ट कहना है — यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो किसी दिन बड़ी घटना घट सकती है नगर प्रशासन को चाहिए कि तुरंत निरीक्षण कर संबंधित बैंक प्रबंधन को पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दे। यातायात व्यवस्था को भगवान भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। जवाबदेही तय होनी ही चाहिए।

# 7 साल के गुलामे गौस ने रखा पहला रोज़ा परिवार व समाज ने किया उत्साहवर्धन

**नवभारत/ गाडरवारा।** रमजान के पवित्र महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग रोज़ा रखकर अल्लाह की इबादत में मशगूल हैं। नगर की मस्जिदों में रोज़ा इफ्तार के समय का नज़ारा काफी खुशनुमा दिखाई दे रहा है। रोजेदार पूरे दिन रोज़ा रखकर शाम को इफ्तार करते हैं और नमाज़ अदा कर अल्लाह से दुआ मांगते हैं। रमजान के इस मुबारक महीने में जहां बुजुर्ग और युवा इबादत में लीन हैं, वहीं बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। चावड़ी वार्ड निवासी सप्पू खान के सात वर्षीय बेटे गुलामे गौस ने पूरे जज़्बे और शिद्दत के साथ अपना पहला रोज़ा रखा। कम उम्र में रोज़ा रखने की उनकी लगन और उत्साह



को देखकर परिवारजन व समाज के लोगों ने उनकी हौसला अफजाई की और मुबारकबाद देते हुए उनका इस्तकबाल किया। इस अवसर पर परिजनों ने अल्लाह से दुआ की कि गुलामे गौस आगे भी इसी तरह दीन की राह पर चलते रहें। रमजान का यह पवित्र महीना आपसी भाईचारे, सब्र और इबादत का संदेश देता है, जिसमें छोटे बच्चे भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# तांबे की रॉड एवं तार चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**नवभारत/ गाडरवारा।** ताँबे की रॉड एवं तार चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गाडरवारा पुलिस ने अपराध पंजीकरण के मात्र 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी गया शत-प्रतिशत माल, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60,000 रुपये बताई गई है, बरामद कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि 22-23 फरवरी की दरम्यानी रात ग्राम कामती निवासी रामेश्वर खेमरिया के घर की दहलान से अज्ञात आरोपी द्वारा ताँबे की रॉड एवं तार चोरी कर ली गई थी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गाडरवारा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4) एवं 305(ए) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।



## पुलिस कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही को अभिरक्षा में लिया। सघन पूछताछ में आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ हल्के जाटव (उम्र 35 वर्ष), निवासी ग्राम आमगाँव छोटा, ने चोरी की वारदात स्वीकार की। आरोपी ने चोरी किया गया ताँबा अपने खेत की झाड़ियों में छिपाकर रखा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया।

**बरामदगी:** 13 किलो ताँबे की रॉड 17 किलो ताँबे की तार कुल कीमत लगभग 60,000 रुपये

## वैधानिक कार्रवाई

आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**सराहनीय भूमिका:** आरोपी की पतारसी एवं मशरूका बरामदगी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, एसडीओपी ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह चौहान सहित सहायक उपनिरीक्षक राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक विश्वजीत ठाकुर, बालकृष्ण रघुवंशी, सुजीत बागरी, शिवम पटेल, सौरभ मिश्रा एवं रामसिंह की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना ने उक्त त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए पूरी पुलिस टीम की प्रशंसा की है।

# जिले के 9 हजार 317 किसानों ने ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक किया क्रय

**नरसिंहपुर।** उप संचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि ई-विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण) अंतर्गत जिले में 24 फरवरी तक की स्थिति में 27 हजार 469 किसानों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया, जिसमें से 14 हजार 107 किसानों द्वारा ई-टोकन जनरेट किये गये और 9 हजार 317 किसानों द्वारा ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक क्रय किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर रजनी सिंह के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है और जिले में उर्वरकों की रैक प्राप्त हो रही है। इसी क्रम में नरसिंहपुर रैक प्वाइंट पर इफको कम्पनी की यूरिया रैक प्राप्त हुआ। उप संचालक कृषि ने रैक प्वाइंट पर जाकर उर्वरक का निरीक्षण किया। जिले में रेक आने के 2 दिवस के अंदर टोकन बुक करने के लिए प्रातः 11 बजे स्टॉक अपडेट किया जायेगा, जिसका वितरण शीघ्र ही ई-विकास प्रणाली से किसानों को किया जायेगा। किसान ई-टोकन बुक एवं वितरण केन्द्र चयन करते समय यदि सेवा सहकारी समिति में तकनीकी समस्या आती है, तो जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक नरसिंहपुर से संपर्क करें। मार्कफेड वितरण केन्द्र चयन करते समय यदि तकनीकी समस्या आती है।

## एक नजर में

### बिगड़ते मौसम के मिजाज ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** पिछले दो तीन दिन से अचानक बादल छा जाने से किसानों की चिंतायें बढ़ती चली जा रही है। किसानों का कहना है कि अधिकांश क्षेत्रों में बटरी मसूर और चने की फसलें पक कर तैयार हो गई है। कुछ ही दिनों में कटाई का कार्य शुरू होगा। यदि बारिश हो जाती है तो नुकसान हो सकता है। वहीं गेंहू की फसल भी आड़ी होने से ग्रोथ कम होने से पर्याप्त मात्रा में उपज नहीं होने की आशंका बनीं हुई है।

### ग्राम प्रस्फुटन समितियों का भ्रमण, पौधरोपण

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा ने विकासखंड चीचली के सेक्टर क्रमांक 2 बसुरिया में ग्राम प्रस्फुटन समितियों का भ्रमण कर शासन की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान एनसीआई हाई स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की बैठक दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कर कार्यों, दायित्वों, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन आदि के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान शाला के शिक्षक, नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया के अध्यक्ष, सचिव, परामर्शदाता, समिति के सदस्य व ग्रामवासी मौजूद थे।

### नहीं रहीं कुसुमरानी जैन

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** विगत दिवस नगर के प्रतिष्ठित वरियावाले परिवार के सेठ राजेश कुमार डॉ सजंय जैन मुकेश कुमार संदीप जैन पत्रकार दिनेश जैन की पूज्य माँ श्रीमती कुसुमरानी जैन का निधन हो जाने पर नगर के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी गई।

### भारी मात्रा में गांजा जप्त

**नवभारत, नरसिंहपुर।** पुलिस टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर प्रभावी नाकेबंदी की गई। इसी दौरान मुखबिर की सूचना के अनुसार तेज गति से आ रहे पिकअप वाहन को चिन्हित कर पीछा किया गया तथा घेराबंदी कर कपूरी तिराहे के आगे पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 06 रू0931 को रोका गया। खाली कैरेटों के बीच छिपाकर की जा रही थी गांजा तस्करी पुलिस टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोके गए पिकअप वाहन की तलाशी ली गयी तलाश के दौरान वाहन में खाली कैरेट भरे हुए पाए गए जिनकी और गहनता से तलाशी ली गयी जिस तस्कर द्वारा बड़ी चालाकी से कैरेटों के बीच बोरियों में भारी मात्रा में भरा हुआ गांजा बरामद हुआ। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रोहित सिंह निवम, निवासी ग्वालियर बताया। गहन पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह उक्त अवैध गांजा राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) से झांसी (उत्तर प्रदेश) लेकर जा रहा था जो वाहन स्वामी बंटी सोनी के कहने पर लाना बताया गया है।

# पीएमश्री विद्यालय बोहानी की प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

**नवभारत/नरसिंहपुर।** सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश की अध्यक्षता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में विद्यालय की समस्त शैक्षणिक, खेलकूद, गीत संगीत, नृत्यकला, आईसीटी, रोबोटिक्स, आत्मरक्षा आदि उपलब्धियों और गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आधारभूत ढांचे और निर्माण संबंधी कार्यों के साथ- साथ जल एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित प्रगति से अवगत कराया। सीईओ जिला पंचायत ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय देश के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में से एक विद्यालय है। उन्होंने निर्माणाधीन स्किल लैब, गणित गार्डन, भूगोल गार्डन का भी अवलोकन किया।



# शंकराचार्य स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती का आगमन, भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**नवभारत/ गाडरवारा।** जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती महाराज का ग्राम सूखा खैरी में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता के उपरांत गाडरवारा के कौड़ियां मार्ग स्थित पांडे भवन, श्री सिद्धि विनायक पैलेस में आगमन हुआ। उनके आगमन पर भक्तों एवं धर्मप्रेमियों ने पुष्प वर्षा और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया। परिसर में आध्यात्मिक उल्लास और श्रद्धा का वातावरण निर्मित हो गया। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य ने अपने प्रेरणादायक प्रवचनों से उपस्थित भक्तजनों को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उनके विचारों से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और वातावरण भक्तिमय हो गया। करीब आधा घंटा विश्राम के पश्चात वे कार द्वारा सिवनी के लिए प्रस्थान कर गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिष्यगण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। जगद्गुरु शंकराचार्य के आगमन से नगर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ और श्रद्धालुओं ने इसे अपने लिए सौभाग्य का अवसर बताया।

# सूखाखेरी के श्री विष्णु महायज्ञ में उमड़ा सैलाब

**नवभारत/ चीचली।** क्षेत्र के समीपी ग्राम सूखाखेरी में 45 वां श्री विष्णु महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन भव्यता के साथ जारी है । यज्ञ में प्रतिदिन बड़ी संख्या मे धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित होकर यज्ञ शाला की परिक्रमा एवं प्रवचनों का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है। यज्ञ मे प्रतिदिन देव पूजन, हवन,आरती आदि धार्मिक आयोजन हो रहे है। यज्ञ के प्रवचन कार्यक्रम मे जगतगुरु कामदगिरी पीठाधीश्वर श्री रामस्वरूपाचार्य जी महाराज ने रामकथा को सुनाते हुए कहा कि रामकथा से सदगुणो की शिक्षा मिलती है। भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम क्यों कहा जाता है यह जानने के लिए रामकथा को जरूर सुनना चाहिए। भगवान श्री राम के व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। हमें अपने बच्चों को भी रामायण पड़ने की शिक्षा देनी चाहिए। यज्ञ मे रात्रि के समय प्रवचन सुनाते हुए कथावाचक अंकुश जी महाराज



ने कहा कि पृथ्वी पर अधर्म का प्रभाव बढ़ने लगता है तो धर्म की रक्षा के लिए प्रभु अवतार लेते है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज मे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार बहुत जरुरी है। यज्ञ का आयोजन सुख शांति लेकर आता है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन मे उच्च आचरण का होना जरुरी है क्योंकि हमारा अच्छा व्यवहार ही जीवन को उज्वल बनाता है । यहाँ उल्लेखनीय है कि यज्ञ के आयोजन से पूरे क्षेत्र का माहौल धर्ममय बना हुआ है।

# बीएसी पवन राजौरिया ने किया डूंगरिया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**साईंखेड़ा।** क्षेत्र के माध्यमिक शिक्षा परीक्षा केंद्र डूंगरिया का आज बीएसी पवन राजौरिया द्वारा निरीक्षण किया गया। 20 फरवरी 2026 से प्रारंभ हुई प्राथमिक एवं माध्यमिक परीक्षाओं के तहत आज प्राथमिक स्तर का अंतिम प्रश्नपत्र (पर्यावरण अध्ययन) आयोजित हुआ, जबकि माध्यमिक स्तर पर विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। माध्यमिक स्तर पर 137 तथा प्राथमिक स्तर पर 198 छात्र-छात्राओं सहित कुल 335 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। निरीक्षण के दौरान केंद्राध्यक्ष कपिल उपाध्याय एवं सहायक केंद्राध्यक्ष रत्नेश कुमार चौबे उपस्थित रहे। सभी पर्यवेक्षक अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करते पाए गए। प्राथमिक शाला डूंगरिया के प्रधान पाठक संतोष शर्मा एवं जनशिक्षा केंद्र आमगांव के जन शिक्षक प्रमोद पठारिया भी निरीक्षण के समय मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि प्राथमिक स्तर की परीक्षाएं आज समाप्त हो गईं, जबकि माध्यमिक स्तर के दो

## विद्यार्थियों से संवाद

निरीक्षण के दौरान बीएसी पवन राजौरिया ने सभी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया तथा पर्यवेक्षकों को परीक्षा कार्य निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सावधानीपूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए व उन्होंने बाह्य पर्यवेक्षण व्यवस्था की भी जानकारी ली और परीक्षा केंद्र के आसपास सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्र पर पेयजल, प्रसाधन एवं समुचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संपूर्ण परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संचालित हो रही है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे किसी भी प्रकार का भय न रखें, बल्कि एकाग्र होकर अपने उत्तर लेखन पर ध्यान केंद्रित करें।



# होली पर्व को लेकर चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवभारत, करेली।** आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद करेली एवं थाना करेली द्वारा संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य बाजार क्षेत्र सहित प्रमुख मार्गों पर अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।अभियान के अंतर्गत उन दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई, जिन्होंने अपनी दुकानों के बाहर सामान रखकर सड़क एवं फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रखा था। अधिकारियों की उपस्थिति में दुकानों के बाहर रखा गया सामान अंदर करवाया गया तथा भविष्य में दुकान के बाहर सामग्री न रखने के निर्देश दिए गए।प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि त्योहारों के दौरान बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। ऐसे में सड़क पर रखा सामान दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकता है। इसलिए नगर की स्वच्छता, सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है।अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे प्रशासन का सहयोग करें, दुकानों के बाहर सामान न रखें और स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित नगर निर्माण में सहभागी बनें।प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला तथा आम नागरिकों ने भी पहल की सराहना की